Reg. No. | | | | | | | | | |

**BCAHDLN 101**

# I Semester B.C.A. Degree Examination, February/March 2023
## (2021 – 22 Batch Onwards) (NEP – 2020)
## (Ability Enhancement Compulsory Course)
## LANGUAGE 2 : HINDI
## (Group – III) (Paper – I)

Time : 2 Hours Max. Marks : 60

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(1×10=10)**

1) 'आत्मनिर्भरता' का अर्थ क्या है ?
2) नया समाज किसका समाज होगा ?
3) देवसभा के सुर सम्राट कौन है ?
4) "मैं धोबी हूँ" निबंध के लेखक कौन है ?
5) सुग्रीव ने किसका पल्ला पकड़ा था ?
6) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के डिज़ाइन अध्यापक का क्या नाम था ?
7) नर्मदा नदी किसका प्रतीक है ?
8) विधाता की एक अद्वितीय कृति कौन-सी है ?
9) शाहजहाँ की प्रियतमा का नाम क्या था ?
10) भारतीय संस्कृति किसके लिए जानी जाती है ?

II. अ) किसी **एक** संदर्भ की व्याख्या कीजिए । **(5×1=5)**

1) "सदा याद रखिए आदमी सिर्फ चारा और दाना खानेवाला जानवर नहीं ।"
2) "वह महाराज इन्द्र का अन्न खाता है, विलासिता के किटाणु इसके रक्त में भी घुस गये हैं ।"

आ) किसी **एक** संदर्भ की व्याख्या कीजिए । **(5×1=5)**

1) "मुझे तुम से ज्यादा उम्मीद थी । यह कार्य निराशाजनक है । मुझे बहुत निराशा हुई । तुम्हारे जैसा होनहार छात्र और ऐसा काम !"
2) "संसार उसकी सुन्दरता को देखकर स्तब्ध है, सुखी जीवन के इस करुणाजनक अन्त को देखकर क्षुब्ध है ।"

III. अ) 'आत्मनिर्भरता' निबंध का सार लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 10

**अथवा**

'मित्रता' का सारांश लिखिए ।

आ) 'जब मैं फेल हुआ' निबंध के आधार पर डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालिए । 10

**अथवा**

'पानी है अनमोल' निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5×2=10)**

1) वर्ण किसे कहते हैं ? उसके भेदों को उदाहरण के साथ समझाइए ।
2) शब्द किसे कहते हैं ? अर्थ के आधार पर उदाहरण सहित लिखिए ।
3) वाक्य की परिभाषा लिखकर, उसके भेदों को उदाहरण देकर समझाइए ।
4) भाषा किसे कहते हैं ? भाषा के स्वरूप का वर्णन दीजिए ।

V. पल्लवन लिखिए । **(5×1=5)**

''नर और नारी जनमते और मरते हैं, परन्तु राष्ट्र सदा अमर रहता है ।''

**अथवा**

संक्षिप्तीकरण कीजिए ।

मन लगाकर विद्याध्ययन करना विद्यार्थी का सबसे बड़ा कर्त्तव्य है । संयम एवं नम्रता के साथ विद्या एवं अनेक गुणों की प्राप्ति उसके जीवन का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए । साहस, त्याग, सहनशीलता, सत्यवादिता, धैर्य और कर्त्तव्यपालन आदि गुणों को ग्रहण कर बुरी आदतों को दूर करना चाहिए । राष्ट्र के भविष्य का दायित्व आज विद्यार्थी के कंधों पर है । अत: विद्यार्थी के प्रति भी उसके कुछ दायित्व हैं, जिनके निर्वाह के लिए विद्यार्थी को समुचित रूप से तैयार होना चाहिए । इस जीवन की उपेक्षा सम्पूर्ण जीवन की उपेक्षा है और इसका सुन्दर निर्वाह जीवन के सुन्दर निर्वाह का सूचक है ।

VI. एक्सेल मोबाइल फ़ोन बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **(5×1=5)**

---